दिनांक 09.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ स्वच्छ भारत मिशन सुविधा 24 के अंतर्गत सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय एवं स्नानागार के अंतर्गत निर्मित भवन का निरीक्षण श्री व्ही0के0 जिंदल संचालक भारत सरकार आवासन शहरी कार्य मंत्रालय, स्वच्छ भारत मिशन, श्री रोहित यादव सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर एवं श्री निरंजन दास मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण के द्वारा वार्ड 03 भिलाई नगर स्टेशन के समीप निर्मित भवन का निरीक्षण किया गया। संचालक श्री व्ही0के0 जिंदल निर्मित सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय एवं स्नानागार का निरीक्षण करते हुए निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान की सराहना करते हुए कहा कि भारत सरकार के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ऐसे सुलभ शौचालय के लिए जो नक्शा निर्धारित किया गया है उक्त नक्शा के अनुरुप आपके द्वारा भिलाई निगम क्षेत्र में निर्माण कराया गया है तथा निर्मित भवन की गुणवत्ता एवं साफ–सफाई की व्यवस्था को लेकर प्रसन्नता व्यक्त किया गया, साथ ही भवन परिसर के नजदीक वृक्षारोपण भी माननीय जिंदल महोदय के द्वारा किया गया तथा निगम आयुक्त श्री चौहान को स्वच्छता बनाये रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

जन सम्पर्क अधिकारी